253676 - क्या इमाम के लिए नमाज़ के लिए सफ़ें (पंक्तियाँ) सीधी करते समय अपने पीछे नमाज़ पढ़ने वालों से यह कहना जायज़ है कि अपना मोबाइल फ़ोन बंद कर दें?

प्रश्न

इस तथ्य के बावजूद कि मस्जिद में प्रवेश करने से पहले नमाज़ियों को अपने मोबाइल फोन को बंद करने के लिए याद दिलाने वाले संकेत मौजूद होते हैं, उनमें से कई उन्हें बंद करना भूल जाते हैं, जिससे अन्य नमाज़ियों, इमाम और खुद फोन के मालिक को परेशानी होती है। मेरा प्रश्न यह है : क्या इमाम के लिए "पंक्तियों को पूरा करें" कहने के बाद, यानी पंक्तियों को सीधी करते समय "मोबाइल फोन बंद कर दें" कहना जायज़ है?

विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

हमने यह प्रश्न अपने शैख अब्दुल अज़ीज़ अर-राजही हफ़िज़हुल्लाह के सामने रखा, तो उन्होंने जवाब दिया :

"यदि वह इसकी आवश्यकता देखता है, तो उसके लिए ऐसा करने में कोई आपत्ति नहीं है।"

और अल्लाह तआला ही सबसे अधिक ज्ञान रखता है।